
# एक चरवाहा



ग्लेंडा मिलार्ड

चित्र: फिल लेस्नी

# एक चरवाहा



ग्लेंडा मिलार्ड

चित्र: फिल लेस्नी

एक बेफिक्र चरवाहा हरे लहलहाते खेत में गाना गा रहा था.
फिर उसने अपने सफेद मेमनों को गीत गाकर बहलाया
उसके बाद उनका ऊन काटा.




एक समय ऐसा था जब टॉम
की दुनिया एकदम शांति थी.

टॉम चरवाहे की एक प्रेयसी थी.

उसके गाल चेरी जैसे लाल थे. उसका नाम भी चेरी था.


टॉम ने उसे फूलों का एक ताज पहनाया;

चेरी ने टॉम के ऊन को काता और बुना.




कभी उन दोनों के दिल ख़ुशी से भरे थे.

जब लार्क ने गीत गाया तब टॉम चरवाहे ने चेरी से शादी की.
लार्क का गीत एक आड़ू जैसा मीठा था.
चेरी का गाउन एकदम सफ़ेद था.



कभी उनकी दुनिया उलझनों
से एकदम बरी थी.

एक बार टॉम की प्रेयसी ने उसके लिए एक बढ़िया कोट सिला,
उसने उसमें पीतल के बटन लगाए.
उसने प्रत्येक टाँके को कोमलता से सिला और उसे अपने प्रेम से भरा.



एक बार उसने ऊपर
स्वर्ग से प्रार्थना की.

फिर टॉम ने अपनी प्रेयसी से अलविदा कहा,
और उसने अपने अजन्मे बच्चे को सहलाया.



वो जाते समय हर कदम पर रोया,

उसकी आँखों से एक लाख बारिश की बूंदें गिरीं.



ऐसा लगा जैसे वो सीधे नर्क में जा रहा हो.

कभी वो चरवाहा था, अब वो एक सिपाही था,

वो अपनी प्रेयसी के हाथ का सिला कोट पहने था

टॉम एक अजनबी की मदद करने के लिए घुटनों के बल झुका पर वो गिर पड़ा.

फिर वो कभी नहीं उठा.




उस अजनबी ने उसकी आँखें बंद कीं.

एक बार जब युद्ध की आवाज ख़त्म हुई,

तब अजनबी वहां से चला.


वो बर्बाद कस्बों और शहरों, और टॉम के हरे-भरे खेतो की ओर चला.



वो वहां अपना कर्ज चुकाने के लिए गया.

अजनबी ने पहले तो टॉम के साहस की गाथा सुनाई
फिर उसने धीरे से टॉम का नाम बताया.
फिर चेरी ने टॉम के फटे कोट को अपने दर्द भरे कलेजे से लगाया.





चेरी ने कोट की सिलाई
अलग-अलग कर दी.

उसने उसे रफ़ू किया और ठीक किया,

फिर उसने उस कोट से एक छोटा, मुलायम खिलौना बनाया:

उसने टॉम चरवाहे के बच्चे के लिए उसके फटे कोट से एक नया मेमना बनाया.



फिर एक बार उसकी दुनिया में शांति छा गई.

